शासकीय कार्यों के प्रयोगार्थ अनुबंध पर 01 वाहन लिए जाने हेतु समाचार पत्रों में दिनांक : 30.05.2022 को प्रकाशित विज्ञप्ति के क्रम में जारी निविदा का विवरण।

कार्यालय श्रम आयुक्त उत्तराखण्ड, हल्द्वानी के अन्तर्गत शासकीय कार्यों के प्रयोगार्थ मासिक किराए पर डीजल चलित 01 BS-6 वाहन बोलेरो नियो (वाहन चालक सहित तथा ईधन रहित स्थिति में) लिए जाने हेतु सीलबंद निविदा कार्यालय श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड, श्रम भवन, नैनीताल रोड, हल्द्वानी में आमंत्रित की जाती है।

सीलबंद निविदा प्रपत्र, निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक : 14.06.2022 की अपरान्ह 04:00 बजे तक कार्यालय श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड, श्रम भवन, नैनीताल रोड, हल्द्वानी में प्राप्त होने आवश्यक हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त निविदाएं अस्वीकार्य होंगी।

प्राप्त सीलबंद निविदाएं दिनांक : 15.06.2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा प्रपत्रों का तुलनात्मक अध्ययन करने के उपरान्त समिति द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार योग्य न्यूनतम दरदाता फर्म को पत्र द्वारा अग्रिम कार्यवाही/वाहन आपूर्ति हेतु पृथक से सूचित कर दिया जाएगा।

श्रम आयुक्त
उत्तराखण्ड

ह०/–
श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी।